द्वारा ई मेल

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–।

संख्याःपॉच–111(वरिष्ठता)2016 दिनांकःअप्रैल 12 ,2016

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष पुलिस विभाग,उत्तर प्रदेश।
2– समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

विषयः– वर्ष–2008 तक मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्राप्त मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की अनन्तिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन

कृपया अवगत कराना है कि मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु पुलिस मुख्यालय के पत्रांक पॉच–111(वरिष्ठता)2013, दिनांक 23–12–2014 द्वारा निर्गत मुख्य आरक्षी ना0पु0 की अन्तिम वरिष्ठता 4529 एवं निर्गत शुद्धि पत्रों के पश्चात् की सूची में से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर चयनित 1725 कर्मियों को घटाकर शेष कर्मियों तथा उ0प्र0 पुलिस नामिनल रोल डाटाबेस प्रणाली में अंकित डाटा वर्ष 2008 तक के मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर नियुक्त कर्मियों के अंकित डाटा को त्रुटि रहित एवं अद्यावधिक कर उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

2– उपरोक्तानुसार प्राप्त सूचना के आधार पर मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की अनन्तिम वरिष्ठता सूची 3907 कर्मियों की निम्नलिखित रीति से तैयार की गयी हैः–

1–कुशल खिलाड़ी होने के कारण आरक्षी नागरिक पुलिस के पद से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के संवर्गीय पद पर आउट आफ टर्न पदान्नति प्राप्त कर्मियों को वरिष्ठता सूची में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से वरिष्ठता निर्धारित करते हुए शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–172/6–पु0–10–2003–27(82)2001, दिनांक 07–2–2003 में निहित व्यवस्थानुसार सम्मिलित किया गया है।

2–पुलिस रेग्युलेशन के प्रस्तर–455 के अन्तर्गत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस बनाये गये आरक्षियों को भी उनके मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से वरिष्ठता निर्धारित करते हुए सम्मिलित किया गया है।

3–मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस की वरिष्ठता सूची में सम्मिलित सभी कर्मियों की वरिष्ठता उनके मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के रूप में पदभार ग्रहण करने की तिथि से निर्धारित की गयी है।

4–यदि एक से अधिक कर्मियों की पदभार ग्रहण करने की तिथि समान है तो उनकी आरक्षी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि के आधार पर वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

5–यदि एक से अधिक कर्मियों की मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि समान है तो उनकी जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

6–यदि एक से अधिक कर्मियों की मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर तथा आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि समान है एवं उनकी जन्मतिथि भी समान है तो अंग्रेजी में उनके नामों के आधार पर अंग्रेजी वर्णमाला के कम के अनुसार वरिष्ठता निर्धारित की गयी है।

7–मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त कर्मियों को शासनादेश संख्या–1693/6–पु–1–15–90(4)/2014, दिनांक 23–7–2015 के अनुसार वरिष्ठता का निर्धारण आउट आफ टर्न पदोन्नति की तिथि से निर्धारित किया गया है।

3– उपरोक्तानुसार निर्धारित रीति के अनुसार मुख्य आरक्षी ना0पु0 की अनन्तिम वरिष्ठता सूची तैयार कर उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-civil-police**पर प्रदर्शित की गयी है तथा सर्वसंबधित को ई मेल के माध्यम से भेजी जा रही है। इस सूची में कुल 3907 कर्मियों के नाम अंकित है।

4– कृपया उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट पर प्रदर्शित मुख्य आरक्षी ना0पु0 की अनन्तिम वरिष्ठता सूची को डाउनलोडकर सम्बन्धित कर्मियों के डाटा के मिलान जो अपूर्ण है को पूर्ण करके अपने कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों से करा लिया जाय। उपरोक्तानुसार सूची में अंकित नाम के अपने जनपद/इकाई में नियुक्त मुख्य आरक्षियों, मुख्य आरक्षी स्थानीय अभिसूचना इकाई तथा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस(विशेष श्रेणी) उप निरीक्षक अध्यापक के नाम से मिलान किया जाय। यदि आपके जनपद/इकाई में नियुक्त वर्ष 2008 तक के मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस एवं पुलिस रेग्युलेशन के प्रस्तर–455 के अन्तर्गत वर्ष 2008 तक के मुख्य आरक्षी ना0पु0 के पद पर नियुक्त व **कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत संवर्गीय पद पर आउट आफ टर्न प्रोन्नति प्राप्त मुख्य आरक्षी ना0पु0** एवं कुशल खिलाड़ी के अन्तर्गत **1994 से 2008 तक आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त कर्मियों में से किसी मुख्य आरक्षी ना0पु0** का नाम सूची में **सम्मिलित होने से छूटा हो** तो उसका विवरण पीएनओ डाटा बेस आनलाईन में यथाशीघ्र अवश्यमेव इन्ट्री कराना सुनिश्चित करते हुये विवरण पुलिस मुख्यालय को ई–मेल आईडी sicppromo.phq5@gmail.com पर भेज दिया जाय।

5– कृपया निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध है कि इसे अपने स्तर पर स्वयं देख कर उपलब्ध अभिलेखों से मिलान के पश्चात प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाय कि–

1–सूची में अंकित कर्मी का पीएनओ सही है, कर्मी का नाम, जन्मतिथि, भर्ती की तिथि, मुख्य आरक्षी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि सही है।

2–आपके जनपद/इकाई में नियुक्त वर्ष 2008 तक मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नति प्राप्त जिसमें पुलिस रेग्युलेशन के प्रस्तर–455/वरिष्ठता के आधार पर प्रोन्नत, कुशल खिलाड़ी के रूप में आउट आफ टर्न एवं वीरता के कारण आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त वर्ष 2008 तक तथा मुख्य आरक्षी प्रोन्नति वेतनमान में सेवारत किसी मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस का नाम छूटा नहीं है।

3–उक्त अवधि के आफिस मैनुअल के प्रस्तर–191 के अन्तर्गत स्थानीय रूप से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस का नाम छूटा नहीं है।

4–उक्त अवधि के मुख्य आरक्षी ना0पु0 के पद से पैडागाजी कोर्स करके उप निरीक्षक नागरिक (अध्यापक) के पद पर नियुक्त कर्मियों का नाम छूटा नहीं हैं।

5–आफिस मैनुअल के प्रस्तर–191 के अन्तर्गत मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस को स्थानीय स्तर पर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस बनाये हुये मुख्य आरक्षी के अतिरिक्त इस श्रेणी के किसी अन्य कर्मी का नाम सम्मिलित नहीं है।

6–अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए निःसंवर्गीय पर पर मुख्य आरक्षी ना0पु0 के पद पर आउट आफ टर्न पदोन्नति प्राप्त किसी मुख्य आरक्षी ना0पु0 का नाम छूटा नहीं है।

7– प्रमाणित किया जाय कि सूची में मौलिक रूप से नियुक्त मुख्य आरक्षी ना0पु0 के अतिरिक्त सशस्त्र पुलिस अथवा अन्य श्रेणी के कर्मी का नाम सम्मिलित नहीं है।

6– इसी सूची के **अधूरे कॉलम को पूर्ण करके** पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय तथा अन्य संबंधित स्थानों पर प्रचार–प्रसार करने हेतु सूचना पट् पर चस्पा करवा दें। साथ ही सूची में अंकित मुख्य आरक्षियों को इसकी लिखित सूचना देकर सूचित करने सम्बन्धी अभिलेख को अपने कार्यालय में सुरक्षित करते हुये पुलिस मुख्यालय को अवगत करायें।

7– उक्त सूची में अंकित यदि कोई मुख्य आरक्षी ना0पु0/मुख्य आरक्षी स्थानीय अभिसूचना इकाई/उप निरीक्षक अध्यापक जो मूलतः हेड कान्स0 ना0पु0 से पैडागाजी कोर्स उत्तीर्ण/उप निरीक्षक ना0पु0 विशेष

- 3

श्रेणी एवं पुलिस आफिस मैनुअल के प्रस्तर-191 के अन्तर्गत स्थानीय रूप से पदोन्नति प्राप्त उप निरीक्षक ना0पु0 में से कोई कर्मी स्थानान्तरित हो गया हो अथवा प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हो तो उसे सूचित करने अथवा नाम छूटे होने की दशा में उसका विवरण उसके गहन जनपद द्वारा पीएनओ डाटा बेस आन लाइन निर्धारित तिथि के अन्दर इन्ट्री कर पुलिस मुख्यालय को अवगत कराने की जिम्मेदारी उसके गहन जनपद/इकाई की होगी।

8— उ0प्र0 पुलिस नामिनल रोल डाटाबेस प्रणाली पर जनपद/इकाई द्वारा अंकित सूचना के आधार पर सूची तैयार की गयी है तथा सूची तैयार करते समय इसकी शुद्धता का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। परन्तु यदि किसी मुख्य आरक्षी ना0पु0 द्वारा सूची में अंकित सूचना के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो उसके बारे में जनपद/इकाई के स्तर पर उपलब्ध अभिलेख से परीक्षण कर इसे निस्तारित करते हुए संबंधित कर्मी को सूचित कर इस का अभिलेख अपने कार्यालय स्तर पर सुरक्षित रख लें, साथ ही उ0प्र0 नामिनल रोल डाटा बेस प्रणाली में भी तदनुसार ठीक करा दिया जाय। इसकी संकलित सूचना पुलिस मुख्यालय इलाहबाद को ई-मेल sicppromo.phq5@gmail.com पर अवश्य उपलब्ध करा दिया जाये। इससे संबंधित समग्र निर्देशित कार्यवाही पूर्ण कर अपेक्षित संशोधन की सूची प्रमाणपत्र सहित यथाशीघ्र पुलिस मुख्यालय भिजवाने की कृपा करें।

9— कृपया उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर प्रकाशित उपरोक्त सूची तत्काल डाउनलोड कर उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय। प्रकरण अति महत्वपूर्ण है। अतः आप का व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नक-यथोपरि।

(ए0के0शुक्ल)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वहीं

प्रतिलिपिः— पुलिस महानिरीक्षक,तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया ई मेल सूची को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट पर तुरन्त प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

(ए0के0शुक्ल)
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वहीं

**प्रतिलिपिः**— निम्नलिखित को उपरोक्त संदर्भ में कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः—

1— अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक,उ0प्र0 लखनऊ।
2— पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना, उ0प्र0 लखनऊ।

संख्या तथा दिनांक वहीं

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— पुलिस उपमहानिरीक्षक,एन0आई0ए0, 1/131 विजखण्डगोमती नगर लखनऊ।
2— उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण इलाहाबाद/लखनऊ/गाजियाबाद/नोयडा/बरेली।
3— निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय, इन्दिरा भवन लखनऊ।
4— आयुक्त व्यापार कर विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5— पुलिस अधीक्षक, पारवर कारपोरेशन उ0प्र0 लखनऊ।
6— पुलिस अधीक्षक,सीबीआई लखनऊ।
7— पुलिस अधीक्षक,सतर्कता उ0प्र0 लखनऊ।